## सार-समाचार

### पाली के राजवीर राठौड़ को पांचवा स्थान



पाली के युवा निशानेबाज 17 वर्ष के राजवीर सिंह राठौड़

**पाली**, (नि.सं.)। दिल्ली के करणी सिंह शूटिंग रेंज स्टेडियम में आयोजित नेशनल राइफल शूटिंग चैम्पियनशिप में देश भर से निशानेबाजों ने भाग लिया। डबल राइफल में पाली के युवा निशानेबाज दिल्ली पब्लिक स्कूल जाडन रोड में अध्यनरत 17 वर्ष के राजवीर सिंह राठौड़ 21 वर्ष आयु वर्ग में देश भर में पांचवीं पायदान पर रहा। कड़े मुकाबले के बीच जिसमें मेन फाइनल मुकाबला में देश के दिग्गज खिलाड़ी 34 खिलाडी ने भाग लिया। राजस्थान पाली के राजवीर सिंह ने 5 वां स्थान व प्रतियोगिता में 103 अंक प्राप्त किया। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य दिव्या कृष्णन ने राजवीर सिंह ने बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। उनके कोच पिता महिपाल सिंह राठौड़ को बधाई दी।

### जोधपुर डिस्कॉम कार्मिकों का धरना

**जोधपुर**, (कासं) । विभिन्न मांगों को लेकर डिस्कॉम कर्मचारियों ने मंगलवार को न्यू पावर हाउस ऑफिस के बाहर धरना देकर विरोध जताया। इस दौरान उन्होंने डिस्कॉम एमडी को ज्ञापन भी दिया और समस्याओं के समाधान की मांग की। ज्ञापन में प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने अनुकंपा नियुक्ति पर काम कर रहे कर्मचारियों को कनिष्ठ लिपिक के पद पर नियुक्त करने, डिस्कॉम कर्मचारियों को बकाया ओवर टाइम, टी ए बिल का पेमेंट समय पर करवाने की मांग की। धरने में शहर के विभिन्न ऑफिस के कर्मचारी शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने जीएसएस की मरम्मत करवाने, वर्क आर्डर के नियमानुसार एफआरटी काम करवाने, डिस्कॉम में खाली पड़े पदों पर प्रमोशन की मांग की। डिस्कॉम कर्मचारी नेता लवजीत पंवार ने बताया टेक्निकल कर्मचारियों के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है।

### महिला शिक्षिकाओं से आवेदन मांगे

**जालोर**, (कासं)। जिले के विभिन्न राजकीय बालिका छात्रावासों में छात्रावास अधीक्षक के रिक्त पदों पर महिला शिक्षकों को अतिरिक्त कार्यभार देने के लिए सेवारत शिक्षिकाओं से आवेदन मांगे गये हैं। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा चुन्नीलाल परिहार ने बताया कि राजकीय सावित्री बाई फूले कन्या छात्रावास जालोर, राजकीय सावित्री बाई फूले कन्या छात्रावास सांचौर, राजकीय सावित्री बाई फूले कन्या छात्रावास चितलवाना, राजकीय देवनारायण बालिका आदर्श छात्रावास जालोर व राजकीय सावित्री बाई फूले कन्या महाविद्यालय स्तरीय छात्रावास जालोर में छात्रावास अधीक्षक के रिक्त पदों पर अतिरिक्त कार्यभार देने के लिए निकटवर्ती सेवारत शिक्षिकाओं से आवेदन मांगे गये है। छात्रावास अतिरिक्त कार्यभार देने की स्थिति में शिक्षिका को पांच हजार रूपये मासिक व आवास देय होगा। उन्होंने जिले के समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे इच्छुक प्रारंभिक शिक्षा व माध्यमिक शिक्षा में कार्यरत शिक्षिकाओं के प्रार्थना पत्र ई-मेल के माध्यम से भिजवाना सुनिश्चित करें।

### भाजपा की यात्रा सीमावर्ती क्षेत्र में पहुंची

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण भाजपा की ओर से कांग्रेस पार्टी के खिलाफ भाजपा द्वारा निकाली जा रही जनाक्रोश रथ यात्रा अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्र नहरी क्षेत्र में पहुंची। भाजपा नेता महंत प्रतापपुरी महाराज ने कहा कि कांग्रेस सरकार के चार साल में आम जनता के हित के लिए कोई विशेष कार्य नहीं किए हैं। कांग्रेस सरकार में किसानों को समय पर लाइट, पानी भी नहीं मिल रहे हैं। किसानों द्वारा हर जगह धरने प्रदर्शन किए जा रहे हैं। लेकिन किसानों के लिए सरकार लापरवाह बन रही है। विधानसभा संयोजक मदनसिंह राजमथाई ने कहा कि वर्तमान में राजस्थान में भ्रष्टाचार, जंगलराज, और कुशासन पसरा हुआ है। प्रतिदिन प्रदेश में लूट, डकैती, गैंगरेप, बलात्कार के घटना हो रही है। प्रशासन मौन है। इस दौरान पूर्व ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रेम ओड, मनोहर सिंह छायण, सवाई सिंह झलारिया, पूर्व सरपंच विनोद पालीवाल, उत्तमसिंह, नगर पालिका पोकरण पार्षद दिनेश व्यास, मालाराम सरपंच मदासर, सांगसिंह सरपंच टावरीवाला, नरेन्द्र सिंह सरपंच बोडाना सहित कई लोग मौजूद रहे।

### पदक विजेता रामचंद्र का सम्मान

**पोकरण**,(निसं)। राज्य स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में दो सिल्वर व ब्रांज मैडल जीत कर जिला प्रशिक्षण स्थल राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पोकरण ग्रामीण में पहुंचने पर विद्यार्थियों, स्टाफ व जिला जिम्नास्टिक संघ के पदाधिकारियों द्वारा पदक विजेता रामचंद्र व जिला टीम के खिलाड़ियों का स्वागत व सम्मान किया गया। जिला जिम्नास्टिक प्रशिक्षक विक्रम सिंह रावलोत ने बताया कि जिला जिम्नास्टिक टीम व पदक विजेता के विद्यालय में पहुचने पर प्रशिक्षण स्थल संयोजक प्रधानाअध्यापक भंवर दान द्वारा राज्य स्तर के खिलाड़ियों माला व पदक विजेता को ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार जिला जिम्नास्टिक संघ के उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह भुट्टो द्वारा सभी खिलाड़ियों स्मृति चिन्ह भेंट कर पदक विजेता रामचंद्र व छात्र छात्रा खिलाडियों की हौसला अफजाई की और अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रख हर सम्भव मदद की घोषणा की। एडवोकेट राणीदान सिंह तंवर, जिला टीम के प्रभारी विजय सिंह, मोहमद नासिर, जुगल किशोर हरकुट, अमानुल्लाह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा के एमबीआर कॉलेज बालोतरा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं व छात्रसंघ अध्यक्ष स्वरूपसिंह सेतराऊ ने भारत रत्न , संविधान निर्माता डा . भीमराव आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस सामाजिक समरसता के रूप में महाविद्यालय में मनाया गया तथा छात्रसंघ अध्यक्ष ने बताया कि बाबा साहेब के व्यक्तित्व में स्मरण शक्ति की प्रखरता, बुद्धिमत्ता, ईमानदारी, सच्चाई, नियमितता, दृढ़ता, प्रचंड संग्रामी स्वभाव का मणिकांचन मेल था। उनकी यही अद्वितीय प्रतिभा अनुकरणीय है। जिन्होंने अपना समस्त जीवन समग्र भारत की कल्याण कामना में उत्सर्ग कर दिया खासकर भारत के 80 फीसदी दलित सामाजिक व आर्थिक तौर से अभिशप्त थे, उन्हें अभिशाप से मुक्ति दिलाना ही डॉ. अंबेडकर का जीवन संकल्प था।बाबा साहेब ने संघर्ष का बिगुल बजाकर आव्हान किया, छीने हुए अधिकार भीख में नहीं मिलते, अधिकार वसूल करना होता है। छात्रसंघ अध्यक्ष स्वरूपसिंह सेतराऊ, पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष पारस राजपुरोहित, नगर मंत्री गौतम प्रजापत, पूर्व नगर मंत्री लक्ष्मण गोस्वामी व छात्रनेता अनिल पालीवाल सहित छात्रशक्ति मौजूद रही।

### गृह रक्षा सप्ताह मनाया

**जालोर**, (कासं)। गृह रक्षा सप्ताह के दौरान 1 से 6 दिसम्बर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें आमजन में जागरूकता का अभियान, दौड़, वॉलीबॉल प्रतियोगिता, रैली एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। गृह रक्षा सप्ताह के समापन दिवस पर मंगलवार को प्रातः 7 बजे झण्डारोहण करके संदेश पत्रों का वाचन किया गया। प्लाटून कमाण्डर मनोहरलाल व कार्मिक सुरेन्द्र मीना ने स्वयंसेवकों से संबंधित कल्याण कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता एवं स्वयंसेवकों के अध्ययनरत बच्चों को मिलने वाली छात्रवृत्ति के बारे में जानकारी दी।

# नवजात शिशुओं की प्राण रक्षा करने के उपायों पर चर्चा की



डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के स्नातकोत्तर बाल रोग विभाग के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के स्नातकोत्तर बाल रोग विभाग के तत्वावधान में जटिल प्रसव से जन्मे नवजात शिशुओं के जन्म के तुरन्त बाद श्वसन क्रिया बहाल करके उनकी प्राण रक्षा करने के उपायों के विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति, अतिथि वक्ता प्रो. नीरज कुमार गुप्ता अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर, कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. चंदन सिंह तथा बालरोग विभागाध्यक्ष प्रो. प्रेम प्रकाश व्यास द्वारा भगवान धन्वन्तरि का वंदन एवं दीपप्रज्वलन कर अतिथि व्याख्यान का शुभांरभ किया गया।

कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि एम्स जैसे आधुनिक चिकित्सा संस्थान और आयुर्वेद विश्वविद्यालय के मध्य सम्पन्न हुऐ आपसी समझ पत्र के अन्तर्गत अध्येताओं को अद्यतन शिक्षण प्रशिक्षण एवं ज्ञान का लाभ प्राप्त होता है जिससे अद्यतन तकनीक के साथ आयुर्वेद के प्राचीन ज्ञान के प्रति समझ विकसित होती है। अतिथि व्याख्यान में एम्स, जोधपुर के नियोनेटोलोजी विभाग के प्रो. नीरज कुमार गुप्ता ने स्नातकोत्तर एवं स्नातक अध्येताओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि जन्म के तुरन्त बाद कतिपय नवजात शिशुओं रो नहीं पाते है तथा श्वास नहीं ले पाते हैं, जिसके कारण उन्हें प्राणों का संकट उपस्थित हो जाता है तथा ऐसे शिशुओं को तुरन्त चिकित्सीय मदद के द्वारा श्वास- क्रिया प्रारंभ करवाने का उपक्रम करना पडता है, अन्यथा आक्सीजन के अभाव या अल्पता के कारण या तो शिशु की मृत्यु हो जाती है या मस्तिष्क तथा अन्य अंगों को गंभीर हानि पहुँचती है। अतः नवजात के जन्म के समय शिशु रोग चिकित्सक को तत्काल शिशु की श्वसन क्रिया स्थापित करने के लिये अनेक विधियों का ज्ञान होना परमावश्यक है। प्रो. गुप्ता ने मेनकिन पर डेमो देते हुये अध्येताओं को पोजिटिव प्रेशर वेंटिलेशन टेकनिक इत्यादि के प्रदर्शन के माध्यम से श्वसन क्रिया बहाल करने की विधियों के बारे में विस्तार से बताया।

व्याख्यान से पहले डीन रिसर्च एवं बालरोग विभागाध्यक्ष प्रो. प्रेम प्रकाश व्यास ने माननीय कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति एवं अतिथि वक्ता प्रो. नीरज कुमार गुप्ता का स्वागत किया। व्याख्यान के बाद एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हरीश कुमार सिंघल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. चन्दन सिंह ने प्रो. गुप्ता को स्मृति चिहन भेंट किया। अतिथि व्याख्यान में स्नातकोत्तर बाल रोग विभाग,प्रसूति स्त्री रोग विभाग के अध्येताओं, इन्टर्नीज तथा स्नातक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# जैसलमेर क्षेत्र में विधायक मस्त, जनता त्रस्त : सारदा



भाजपा के जैसलमेर जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सारदा ने ग्रामीणों को संबोधित किया। फोटो-राष्ट्रदत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। भाजपा की जन आक्रोश यात्रा का रथ बसिया क्षेत्र के जोगिदास धाम में रात्रि विश्राम के बाद आज तेजमालता, सिहडार , बईया, देवड़ा, कपूरिया , रामा, सांगड, उन्डा, देवीकोट, छोड़ होते हुवे डाबला पहुंचा।

रथयात्रा का तेजमालता में आशुसिंह तेजमालता व ग्राम वासियों ने स्वागत किया। सिंहडार में गोपालसिंह, शीशपालसिंह , मोतीसिंह, समुंदरसिंह ने बईया में सोभसिंह, कमलसिंह, झुंझारसिंह, राहुराम, गफूरखान, आमदखान व गेम्बरसिंह ने, देवड़ा में नारायणसिंह, अनारसिंह, इंद्रसिंह, डूंगरसिंह, गजराजसिंह, बलवंतसिंह, गुलाबसिंह, बेनाराम, तिलोकाराम व मदनलाल ने, कपूरिया में वीरमपूरी महाराज, जगदीश बिसानी, तनेरावसिंह, प्रेमसिंह हरबा , शैतानसिंह खमाणसिंह, कुम्पसिंह, कुटलाराम प्रजापत, सावंताराम, दुर्गनाथ, ठाकुर भील व ताराराम ने रथ का स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सारदा ने ग्रामीणों को सबोधित करते हुए कहा कि जैसलमेर विधायक रूपाराम ने चुनाव से पहले कई वादे किये थे और जनता ने उमीद लगाई थी कि एक शिक्षित होने के साथ साथ जलदाय विभाग में नौकरी के अनुभव का लाभ आम जनता को मिलेगा, लेकिन विधायक अपनी ही मस्ती में मस्त है और जनता बिजली व पानी की समस्या से त्रस्त है। आज बसिया क्षेत्र के लोग बिजली की कमी से परेशान है तथा पूरे क्षेत्र में 24 घण्टे में मात्र 4 घण्टे ही बिजली आती है। विधायक की तुष्टिकरण की नीति के कारण व भेदभाव पूर्ण नीति से क्षेत्र के लोग त्रस्त है। सारदा ने सभी को आव्हान किया कि आने वाले समय मे वोट से चोट कर अपने सम्मान की रक्षा करे व कमल के फूल को चुन कर अपनी भूल का सुधार करे। आज कांग्रेस राज में जंगल राज व भृष्टाचार, महिला अत्याचार व कानून अव्यवस्था में नम्बर एक पर है।

यात्रा में जिला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी, संयोजक हाथीसिंह मूलाना, सुशील व्यास, बाबूलाल शर्मा, मण्डल अध्यक्ष गिरधरसिंह कपूरिया, नखतसिंह भाटी, पूर्व विधायक सांगसिंह भाटी, विक्रमसिंह नाचना, छुगसिंह सोढा, महेंद्रसिंह दुजासर, जेठमालसिंह, गायडसिंह तेजमालता व शम्भुदान भेलानी साथ रहे।

रथयात्रा के देवीकोट पहुंचने पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष उदयसिंह भाटी के नेतृत्व में वाहन रैली निकाली गई जो गली मोहल्लों में होते हुए मुख्य चौराहे पहुंची। जहां युवा चौपाल में आईदानसिंह भाटी ने जनता को संबोधित किया।

रथ यात्रा के साथ अध्यक्ष शिवदान सिंह, महिला मंडल से निशा पुरोहित, मानाराम, रोजेखान, देवीसिंह, प्रेमसिंह, उगमसिंह, अमरसिंह , वीरेंद्रसिंह हमीरा, गजेंद्रसिंह सोलंकी, ओम सेवक, सुरेंद्रसिंह बडोडा गांव, लूणदान रतनू, अमृत सुथार, मुकेश पंवार उपस्थित रहे।

### पीर गंगानाथ का स्वागत किया

**जालोर**, (कासं)। 44 बरस बाद जालोर में महारुद्र यज्ञ कराने पर समापन पर जालंधर नाथ अखाड़े के पीर गंगानाथ महाराज का आर्य समाज जालोर की ओर से स्वागत किया गया।

आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार के नेतृत्व में शाखानायक कन्हैयालाल मिश्रा, पुष्पेंद्र परमार, मोहनलाल व भूराराम ने स्वागत किया। इस अवसर पर आर्य वीर दल की ओर से पांच हजार एक रूपये की राशि महारूद्र यज्ञ निमित्त भेंट की गई।

### निराश्रितों में फलाहार वितरित

**जोधपुर**, (कासं) । संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल कार्यालय में मंगलवार को रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धा से याद किया।

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज गुप्ता ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का आ ान किया। इस अवसर पर मंडल के समस्त शाखाधिकारियों और डीआरएम ऑफिस में कार्यरत कर्मचारियों व महिला कर्मियों ने अम्बेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि गरीब और दलित वर्ग की स्थिति में सुधार लाने में डॉक्टर बाबासाहेब अम्बेडकर का अहम योगदान रहा है. उन्होंने समाज से छूआछूत समेत कई प्रथाओं को खत्म करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रारंभ में उन्होंने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। उत्तर-पश्चिम रेलवे एससीएसटी रेलवे एम्प्लाइज एसोसिएशन के जोधपुर मंडल सचिव जगदीप कटारिया ने बताया कि बाबा साहेब के परिनिर्वाण दिवस पर एसोसिएशन की ओर से निराश्रितों में फल वितरित किए गए। अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज गुप्ता ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में फल वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संचालन सहायक कार्मिक अधिकारी गजानन मुकेश मौर्य ने किया।

# 60 वां स्थापना दिवस मनाया

**जोधपुर**, (कासं) । गृह रक्षा विभाग का 60 वां स्थापना दिवस मंगलवार को गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र जोधपुर में समारोह पूर्वक मनाया गया।

गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र जोधपुर के समादेष्टा महेन्द्र सिंह ने बताया कि गृह रक्षा स्वयं सेवकों की एक प्लाटून एवं महिला स्वंय सेविकाओं की एक प्लाटून परेड़ के लिए उपस्थित हुई। प्रातः 8.15 बजे ध्वजारोहण किया गया एवं सलामी दी गई। समारोह में राज्य स्तरीय गैर सरकारी सदस्य जेल विकास बोर्ड राजस्थान सरकार एडवोकेट गीता बरबड़ मुख्य अतिथि रही। कार्यक्रम में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, मुख्यमंत्री राजस्थान एवं गृह रक्षा राज्य मंत्री द्वारा प्राप्त संदेशों को समादेष्टा महेन्द्र सिंह द्वारा पढ़कर स्वंयसेवकों को सुनाया गया तथा मुख्य अतिथि व समादेष्टा द्वारा विचार व्यक्त किये गए। इस अवसर पर ड्यूटी एवं प्रशिक्षण में सराहनीय योगदान देने वाले स्थाई स्टॉफ एवं स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### अतिक्रमणों पर कार्रवाई की

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त नवनीत कुमार के निर्देशानुसार मंगलवार को जेडीए दस्ते ने ग्राम नान्दडी में अवैध बेकरी के कारखाने एवं सडक भाग में किए गए अतिक्रमणों तथा ग्राम बासनी चौहाना में अवैध रूप से किए गए निर्माणों पर कार्रवाई की।

प्रवर्तन अधिकारी पूर्व प्रवीण गहलोत ने बताया कि उपायुक्त जोन 01 मृदुला शेखावत के निर्देशानुसार दस्ते द्वारा ग्राम नान्दडी खसरा संख्या 86/1 एकता नगर के मौका निरीक्षण के दौरान 101 से 108 एवं 109 से 115 तक भिन्न भिन्न मकानों के आगे सडक भाग में लोहे की जालीनुमा रेलिंग, चबूतरियां, रैम्प, अवैध रूप से पत्थर डालकर तथा अस्थाई गैरेज इत्यादि बनाकर अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण किया हुआ पाया गया। दस्ते द्वारा मौके पर स्थानीय निवासियों को सख्त हिदायत दी गयी कि सडक भाग में किए गए अतिक्रमणों को स्वयं अपने स्तर पर हटा लेंवें, अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। साथ ही दस्ते ने ग्राम नान्दडी के ही खसरा संख्या 56 प्रेम नगर के निरीक्षण के दौरान मकान नम्बर 54 में अवैध बेकरी का कारखाना संचालित मिला।

# स्थानांतरण निरस्तीकरण आदेश पर हाई कोर्ट की रोक

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सविना गिर्वा उदयपुर का मामला

**जोधपुर**, (कासं) । राजस्थान उच्च न्यायालय की एकलपीठ के न्यायाधीश अरूण भंसाली ने प्रयोगशाला तकनिशियन के पद पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सविना गिर्वा उदयपुर में कार्यरत कमलेश कुमार किकोड की रिट याचिका को अंतरिम रूप से स्वीकार करते हुए चिकित्सा विभाग द्वारा जारी उसके स्थानान्तरण निरस्तीकरण आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी।

उदयपुर निवासी कमलेश कुमार किकोड का स्थानातरण चिकित्सा विभाग के आदेश 10.0 9. 2022 से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जवास, खैरवाडा उदयपुर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सविना, गिर्वा उदयपुर किया गया। विभाग के आदेश 10.09.2022 के अंतर्गत प्रार्थी को ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने 12.09.2022 को उसे कार्य मुक्त करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सविना मे कार्यग्रहण करने का आदेश प्रदान किया।

प्रार्थी द्वारा आदेश 10सितंबर 2022 के अनुसरण मे 13 सितंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सविना में कार्यग्रहण कर लिया गया।

निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रार्थी के कार्यग्रहण के दो माह पश्चात प्रार्थी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जवास खैरवाडा से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सविना के लिए "स्थानांतरणधीन मानते हुए" दिनांक 28 नवंबर को उसका स्थानांतरण निरस्त करते हुए पुनः प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जवास, खैरवाडा उदयपुर स्थानांतरण यथावत कर दिया गया।

विभाग के इस कृत्य से व्यथित होकर प्रार्थी ने अपने अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा के माध्यम से एक रिट याचिका उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की। उच्च न्यायालय के समक्ष प्रार्थी के अधिवक्ता का यह तर्क था कि प्रार्थी ने आदेश दिनांक 10 सितंबर के अनुसरण मे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सविना में दिनांक13 सितंबर को ही कार्यग्रहण कर लिया था।

इसके बावजूद भी विभाग द्वारा उसे जवास से सविना के लिए स्थानान्तरणधीन मानते हुए आदेश दिनांक 28नवंबर से उसका स्थानातंरण निरस्त कर पुनः प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जवास खैरवाडा का आदेश अनुचित व बिना मस्तिष्क का उपयोग किये किया गया है। क्योकि प्रार्थी द्वारा 13.09.2022 को ही सविना मे कार्यग्रहण कर लिया था साथ ही यह भी तर्क दिया कि विभाग के आदेश दिनांक10.09.2022की भी प्रार्थी द्वारा पूर्ण पालना की जा चुकी है। प्रार्थी द्वारा विभाग की और से जारी आदेश की पालना के दो माह पश्चात उसे निरस्त करना भी अनुचित है।

प्रार्थी के अधिववक्ता के तर्का से सहमत होते हुये न्यायालय ने चिकित्सा विभाग द्वारा पारित आदेश दिनांक28.11.2022जिसके तहत प्रार्थी का स्थानातरण निरस्त किया गया उस पर अंतरिम रोक लगाते हुए चिकित्सा विभाग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

## सार-समाचार

### बच्चे को बचाने गई महिला की मौत

**बाड़मेर**, (निसं)। जिले के सेडवा थानांतर्गत शोभाला दर्शन ग्राम में सोमवार अलसुबह एक झोंपे में आग लग गई। इस हादसे में एक महिला की अपने बच्चे को बचाने के दौरान झुलसने से मौत हो गयी। बताया जा रही है कि महिला चार माह की गर्भवती भी थी। नए मेहमान आने की खुशी पूरे परिवार में थी लेकिन इस हादसे ने पूरे परिवार की खुशियां मातम में बदल दी। सेडवा थानाधिकारी हंसाराम ने जानकारी देते हुए बताया कि ढाको वाला गांव शोभाला दर्शन निवासी अमीर खान पुत्र माखन खान अपने परिवार के साथ रहता है। अलसुबह घर करीब 4 बजे अचानक झोंपे में आग लग गयी। जिसमे उसकी पत्नी सावल की झुलसने से मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार झोंपे में चार माह की गर्भवती महिला अपने तीन साल की बेटी के साथ सो रही थी। उसके पास उसके देवर के दो छोटे बच्चें भी सो रहे थे। सुबह तड़के करीब साढ़े तीन बजे महिला ने अपने पति को चाय बनाकर दी और पति खेतो में पानी डालने चला गया।महिला अपने बच्चो के साथ वापिस सो गई। सुबह करीब 4 बजे अचानक झोंपे में आग लग गयी। जैसे ही आग लगी महिला अपने बच्चो के साथ बाहर आ गयी और आग बुझाने का प्रयास करने लगी। झोंपे को जलता देख खेतो में काम कर रहे लोग भी दौड़कर आये और आग को बुझाने लगे। इस दौरान महिला को बदहवासी के चलते अपना बच्चा नही दिखा। जिस पर वह वापिस जलते हुए झोंपे में बच्चे को बचाने के लिए चली गयी और झोंपे की छत उस पर गिर गई।

### लंबित राजस्व प्रकरण निपटाएं : अग्रवाल

**जालोर**, (कासं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि राजस्व अधिकारी लंबित राजस्व प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। ताकि आमजन को राहत मिल सकें। उन्होंने राजकीय भूमि पर अतिक्रमण, अवैध खनन व बजरी की शिकायतों पर कार्यवाही, भूमि अवाप्ति के प्रकरण व मुआवजा वितरण तथा नामांकरण, पटवार भवनों की स्थिति, भू-राजस्व वसूली, नागरिकता के प्रकरण, भू-आवंटन एवं भू-संपरिवर्तन के प्रकरणों का निस्तारण, बैंक ऋण संबंधी प्रकरण (रोडा एक्ट), सीमा ज्ञान व पत्थरगढ़ी के प्रकरण, एसडीआरएफ व मुख्यमंत्री सहायता कोष के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मौजूद अधिकारियों को कहा वे पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों की ईकेवाईसी किया जाना सुनिश्चित करें ताकि उन्हें सम्मान निधि का लाभ मिल सकें। उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम व मुख्यमंत्री सहायता कोष से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की। इस दौरान जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व उप तहसीलदार सहित राजस्व से जुड़े अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

### जन आक्रोश रैली मोहीवाड़ा पहुंची

**जालोर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी चांदराई की ओर से जन आक्रोश यात्रा के द्वितीय दिन मंगलवार को प्रवास पर कंवला के हेमशाही मठ से प्रारंभ होकर सुगालिया सिंधलान, चवरडा, रूण्डमाल ढाणी, वलदरा, मूलेवा, तरवाडा, पांचोटा, उखरडा, आकोपादर, शंखवाली, चूण्डा, किशनगढ होते हुए मोहीवाडा में समाप्त हुई। आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी, पूर्व उपप्रधान नैनसिंह राजपुरोहित, रैली के जिला सह संयोजक मुकेश राजपुरोहित, जिला उपाध्यक्ष शशि कंवर , रैली के प्रशासनिक प्रमुख गजेन्द्र सिंह मांगलिया, विधानसभा संयोजक बंशीलाल सुथार, मण्डल अध्यक्ष मांगीलाल राव, प्रसार-प्रचार प्रमुख रामदेव सिंह भोमिया, वाहन प्रमुख पुखराज ओड, महामंत्री राम सिंह पांचोटा, महिला मोर्चा अध्यक्ष हरकू कंवर, जिला मंत्री जितेंद्र सरगरा, पप्पू सिंह दहिया, रूपाराम देवासी, जवाराम देवासी, विकास श्रीमाली सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रामसिंह की मृत्यु पर सहायता दी

**सायला**, (निसं)। दी जालोर सेण्ट्रल को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड शाखा सायला द्वारा अल्पकालीन फसल ऋणी रामसिंह के परिवार को दस लाख की राषि का चेक सौंपा गया। बैंक शाखा प्रबंधक महेंद्रसिंह राव ने बताया कि ग्राम सेवा सहकारी समिति आलासन के अल्पकालीन फसली ऋणी सदस्य रामसिंह के मृत्यु होने पर बैंक द्वारा प्रधानमंत्री सहकार दुर्घटना बीमा के अंतर्गत क्लेम की राषि दस लाख रूपये का चेक नॉमिनी उनके पुत्र मानसिंह को दिया गया। नॉमिनी मानसिंह ने बैंक के प्रबंध निर्देशक के.के. मीणा का आभार व्यक्त किया। इस दौरान केशियर मोहित दवे, आलासन सहकारी समिति व्यवस्थापक कुयाराम, हरीश सोलंकी, भीमाशंकर श्रीमाली सहित बैंककर्मी मौजूद थे।

### गांवों में जन आक्रोश यात्रा निकाली

**बालोतरा**, (निसं)। भाजपा की जन आक्रोश यात्रा मंगलवार को कल्याणपुर क्षेत्र के बांकियावास, डोली कलां, गोदावास, चारलाई गांवों में गई। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गणपत बांठिया ने जन यात्रा यात्रा में विभिन्न गांवों में जन सभाओ को सम्बोधित किया। गणपत बांठिया ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए भाजपा की इस जन आक्रोश यात्रा के उदेश्य की जानकारी दी। बांकियावास में भाजपा जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने भी आम जन से संवाद किया।इस दौरान भाजपा कल्याणपुर मंडल अध्यक्ष मुल्तान सिंह डोली,कल्याणपुर के पूर्व प्रधान हरी सिंह उमरलाई,वरिष्ठ भाजपा नेता झूमरलाल सार्जेन्ट, यात्रा प्रभारी गोविंद सिंह कालूड़ी सहित भाजपा पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

### चन्द्रभान 12 को बैठक लेंगे

**जालोर**, (कासं)। राज्य स्तरीय बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान की अध्यक्षता में 12 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट में बैठक होगी। 20 सूत्री कार्यक्रम, क्रियान्वयन एवं समन्वय के लिए जिला स्तर पर गठित प्रथम स्तरीय समिति की बैठक होगी।

### प्रदर्शन किया

**पाली**, (नि.सं.)। नगर परिषद के कर्मचारियों ने मंगलवार को कार्य बहिष्कार कर सचिव विनयपाल के खिलाफ नारेबाजी की।आरोप था कि आरओ नगर परिषद कर्मचारियों क साथ अभद्र व्यवहार करते है। सभी उनके व्यवहार से परेशान है। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह को ज्ञापन सौंपकरकार्रवाई की मांग की। उसके बाद काम पर लौटे।

**For Sale/eAuction:** Damaged **Solar Module - 3932 Pcs and other Accessories** Lying At RRVUNL Power Plant, Village Raghwa, Ramgarh, Jaisalmer, Rajasthan , Contact person for inspection - Mr. Chuttan Lal - 8004924047 Last Date For Inspection & EMD Deposit –13.12.2022 & Date Of E-auction-14.12.2022 (3 PM), Auctioneer: Meenakshi Gupta- 9625137014 (Insurance Claim Material Will Be Sold On 'As Is Where Is', 'Whatever There Is' And 'No Complaint' Basis)

**For more details:**
**www.SalvageManagers.com**
**support@salvagemanagers.com**

**राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय**
किशनगढ़, जिला-अजमेर

**अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी स्कूल**
**बी. टेक. स्पॉट एडमिशन 2022-23**
**(रिक्त सीटों के लिए मौके पर काउंसलिंग-सह-प्रवेश)**

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय जेईई (मुख्य परीक्षा)-2022 के प्राप्तांक के आधार पर निम्नलिखित बी.टेक. पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों को भरने के लिए एक विशेष ऑन स्पॉट ऑफलाइन काउंसलिंग आयोजित कर रहा है :

1. कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी
2. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी
3. बायोमेडिकल अभियांत्रिकी

इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 11.12.2022 को अथवा उससे पूर्व विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। रिक्त सीटों की संख्या तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.curaj.ac.in देखें।

कुलसचिव

CBC 21316/12/0012/2223